भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 803

सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023 (20 अग्रहायण, 1945 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

कृषि उड़ान योजना

803. श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा किसानों और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए कोई विशेष एयर कार्गो योजना शुरू की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में और हरियाणा राज्य में कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल किए गए विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस योजना की शुरुआत के बाद से कुल कितने टन कृषि उपज को हरियाणा राज्य से पहुंचाया गया है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) जी हां। कृषि उत्पादों के परिवहन में किसानों की सहायता के लिए अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय मार्गों पर कृषि उड़ान योजना शुरू की गई थी ताकि किसानों को उनके उत्पाद के लिए मिलने वाले मूल्य में सुधार हो सके। कृषि उड़ान योजना 2.0 की घोषणा, विशेषतया पहाड़ी क्षेत्रों, देश के पूर्वोत्तर राज्यों और आदिवासी क्षेत्रों में उगने वाले शीघ्र खराब होने वाले सभी खाद्य उत्पादों के परिवहन पर ध्यान केंद्रित करते हुए 27 अक्टूबर 2021 में की गई थी। इस योजना में मुख्यतः अन्य प्रदेशों/क्षेत्रों के 33 हवाईअड्डों के अलावा पूर्वोत्तर, पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों के 25 हवाईअड्डे शामिल हैं।

कृषि उड़ान, एक एकजुट होकर कार्य करने की योजना है, जिसमें आठ मंत्रालय / विभाग नामतः नागर विमानन मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्य पालन विभाग, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, जनजातीय मामला मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, कृषि-उपज के परिवहन हेतु लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने के लिए अपनी मौजूदा योजनाओं का लाभ उठाएंगे।

हवाई परिवहन से कृषि उपज की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए, इस योजना के तहत चयनित हवाईअड्डों पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) और रक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय मालवाहकों को प्रदान किए जाने वाले लैंडिंग शुल्क, पार्किंग शुल्क आदि की छूट का प्रावधान किया गया है।

(ख) कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल 58 हवाईअड्डों की राज्यवार सूची अनुलग्नक पर उपलब्ध है।

(ग) हरियाणा राज्य में, वर्तमान में क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत केवल एक हवाईअड्डा हिसार में स्थित है। इस हवाईअड्ड़े पर कार्गो प्रचालनों के लिए वर्तमान उड़ान प्रचालन उपयुक्त नहीं हैं।

******

अनुलग्नक

राज्य सभा के दिनांक 11.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 803 के उत्तर में संदर्भित विवरण।

कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल हवाईअड्डों की राज्यवार सूची

राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	हवाईअड्डा
अंडमान और निकोबार	1. पोर्टब्लेयर
आंध्र प्रदेश	2. विशाखापत्तनम
अरुणाचल प्रदेश	3. तेजू
असम	4. डिब्रूगढ़
	5. जोरहाट
	6. लीलाबारी
	7. रूपसी
	8. सिलचर
	9. तेजपुर
बिहार	10. पटना
	11. दरभंगा
चंडीगढ़	12. चंडीगढ़
छत्तीसगढ	13. रायपुर
गोवा	14. गोवा
गुजरात	15. भुज
	16. जामनगर
	17. राजकोट
हिमाचल प्रदेश	18. भुंतर
	19. गग्गल
	20. शिमला
जम्मू एवं कश्मीर	21. जम्मू
	22. श्रीनगर
झारखंड	23. रांची
कर्नाटक	24. बेलगावी
केरल	25. तिरुवनंतपुरम
लद्दाख	26. लेह
लक्षद्वीप	27. अगाती
मध्य प्रदेश	28. इंदौर
	29. भोपाल
	30. जबलपुर
महाराष्ट्र	31. नासिक
	32. पुणे
मणिपुर	33. इंफाल
मेघालय	34. शिलांग
मिजोरम	35. लेंगपुई
नागालैंड	36. दीमापुर
ओडिशा	37. झारसुगुडा
पंजाब	38. आदमपुर
	39. अमृतसर

	40. पठानकोट
राजस्थान	41. जैसलमेर
	42. जोधपुर
सिक्किम	43. पाक्योंग
तमिलनाडु	44. कोयंबटूर
	45. तिरुचिरापल्ली
त्रिपुरा	46. अगरतला
उत्तर प्रदेश	47. आगरा
	48. बरेली
	49. गोरखपुर
	50. हिंडन
	51. कानपुर
	52. प्रयागराज
	53. वाराणसी
उत्तराखंड	54. देहरादून
	55. पंतनगर
	56. पिथौरागढ़
पश्चिम बंगाल	57. बागडोगरा
	58. कोलकाता

******